प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया

कोटपूतली। शनिवार को ग्राम पवाना अहीर, कुजोता, गोरधनपुरा में विकसित कृषि संकल्प अभियान आयोजित किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र गोनेडा व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र गोनेडा के वैज्ञानिक डॉ. रामप्रताप यादव ने खरीफ फसलों की बुवाई, किस्म तथा उन्नत खेती की जानकारी दी। साथ ही मृदा नमूना व मृदा स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी तथा मृदा की दशा सुधारने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जल संरक्षण व नैनो यूरिया के प्रयोग को बढ़ावा दिया। कृषि विभाग कोटपूतली के उप निदेशक रामजीलाल यादव ने कृषि विभाग की खेत तलाई, तारबंदी, कृषि यंत्र आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानो को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि सैय्यद अली पुत्र स्व. अलाद्दीन, प्लाट नम्बर ए-57 आर.ए.सी लाईन, अमृतपुरी, घाटगेट जयपुर के दक्षिणी हिस्सा जिसकी नांप पूर्व-पश्चिम 24 फीट 3 इन्च, उत्तर-दक्षिण 35 फीट, तीन मंजिला का एक मात्र मालिक एवं स्वामी है। इस भाग को विक्रय, बख्शीश का अधिकार है। उनका बड़ा पुत्र मोहम्मद अली अपने पिता एवं माता के खिलाफ है। मारपीट, गाली गलोच करता है। जबकि छोटा पुत्र शराफत अली ही माता-पिता की सेवा करता है। इस कारण मोहम्मद अली को सैय्यद अली प्लाट मे कोई हक व हिस्सा देना नही चाहते।
जयपुर (फैजान हुसैन एडवोकेट)
दिनांक मो.नं:-8824515124

खोया पाया

मेरा मकान संख्या-10/05, मानसरोवर, जयपुर का मूल नियमितिकरण एवं अदेय पत्र स्वर्णपथ मानसरोवर पर गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें- गोविंद अग्रवाल- 8279291649

नाम परिवर्तन

मैं सोनाली शर्मा पत्नी श्री अंकुर जोशी निवासी 4-ट-26, मोनोलिक हॉस्पिटल के पास जवाहर नगर जयपुर 302004 ने अपना नाम सोनाली तेजवीर शर्मा से बदलकर सोनाली शर्मा कर लिया है तथा भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

मैं, विक्रम सिंह राठौड पिता नं. 136279239M लांस/हवलदार भोजराजसिंह राठौड निवासी- गांव-बरनेल, पोस्ट- गच्चीपुरा, तहसील-परबतसर जिला- नागौर, राजस्थान, 341504, ने अपना नाम विक्रम सिंह राठौड से बदलकर विक्रम सिंह कर लिया है, समक्ष शपथ पत्र संख्या - BZ936311 दिनांक 31.05.2025 नोटरी पब्लिक जयपुर

मैं रंजना कँवर पत्नी नं.13627923M लांस/हवलदार भोजराज सिंह राठौड़ निवासी-गांव-बरनेल, पोस्ट-गछीपुरा, तहसील-परबतसर, जिला-नागौर, राजस्थान, 341504, ने अपना नाम रंजना कँवर (kanwer) से रंजना कँवर (kanwar) बदल लिया है समक्ष शपथ पत्र संख्या- BZ936308 दिनांक 31.05.2025 द्वारा नोटरी पब्लिक जयपुर

मैं आर्मी नंबर 15208734M रैंक हवलदार सूतीश यस यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट मेरे सैयां या दस्तावेज मेरा माता का नाम है कमलामा के जो की गलत है मेरा माता का सही नाम कमलम्मा है।

मैं आर्मी नंबर 15208734 एम रैंक हवलदार सुतीश यस यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट मेरा सैन्य दस्तावेज मैं मेरा पिता का नाम है शशिधरण बी. के जो की गलत है मेरा पिता का सही नाम बी. के शशिधरण है

मैंने अपना नाम नजमा से बदलकर नजमा बानो पत्नी श्री मोहम्मद सलीम रख लिया है भविष्य मुझे इसी नाम से जाना जावे निवासी प्लॉट नंबर 2, सुमेल हाउस, अजमेर रोड, सिविल लाइंस ,जयपुर, राजस्थान

I Suri Babu F/o No-17014496K, Rank-NK Name -Rajubabu Gandikota Presently Residing at Mettabangla Village, Chintapalle Post- Chintapalle, Dist- Alluri Sitharama Raju, State -Andhra Pradesh, 531111, Have Changed my Name From SURI BABU TO GANDIKOTA SURIBABU and date of Birth From 20-06-1966 to 10-06-1968 By Affidavit No-0007148156 Dated-31-05-2025

I Vara Laxmi Mother No-17014496k Rank-NK Name-RAJUBABU GANDIKOTA PRESENTLY RESIDING AT D/NO21-2805, Mylu kuli Street Village Chintapalle, Po-Chintapalle, Dist-Alluri Sitharama Raju state Andhra pradesh 531111, Have Changed my name From VARA LAXMI TO GANDIKOTA VARALAKSHMI And Date of birth From 08-02-1976, to 05-12-1972 vide Affidavit no-0007148157 dated 31.05.2025

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आपात स्थिति से निबटने के लिए नीमराना में मॉक ड्रिल

कोटपूतली। सरकार के निर्देशानुसार हवाई हमले या अन्य किसी प्रकार की आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से ऑपरेशन शील्ड के तहत द्वितीय सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, नीमराना के प्लांट में किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली यथा सायरन की प्रभावशीलता का आंकलन, नियंत्रण कक्षों की कार्यक्षमता का परीक्षण, निकासी योजनाओं श्की तैयारी का मूल्यांकन, महत्वपूर्ण संयत्रों ध प्रतिष्ठानों को शीघ्र छिपाने का अभ्यास एवं नागरिक सुरक्षा सेवाओ की सक्रियता का आकलन, ब्लैकआउट क्रियान्यवन का अभ्यास, बचाव उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता का आकलन व विभिन्न विभागों के बीच समन्वय का आकलन करना। साथ ही यह मॉकड्रिल दुश्मन देश के हवाई हमले की स्थिति में मौके पर राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को त्वरित रूप से अस्पताल पहुंचाने और अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से की गई। सायरन की आवाज के साथ ही प्रशासन हुआ सक्रिय आपातकालीन मॉक ड्रिल का अभ्यास शाम 5 बजे से किया गया। मॉकड्रिल के तहत हीरो प्लांट पर हवाई हमले की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, सिविल डिफेंस, चिकित्सा, अग्निशमन व अन्य संबंधित विभागों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। एम्बूलेंस व फायर ब्रिगेड घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े और रिकॉर्ड समय में घटना स्थल पर पहुंचे। सायरनों की आवाज सुनकर हर कोई बचाव की मुद्रा में आ गया एवं हवाई हमले के बाद घायलों एवं प्रभावितों को बचाने के लिए जिला प्रशासन के सभी संबंधित विभाग सक्रिय हो गये। इस दौरान प्रशासन व पुलिस द्वारा आपात स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया और समन्वय की जांच की गई। 136 लोगों को निकाला बाहर इस दौरान प्लांट के एडमिन ब्लॉक में फंसे 136 लोगों को बाहर निकाला गया जिनमें 119 लोगों को सुरक्षित निकालकर मोहन लाल दयाल विनय मंदिर स्कूल में बनाए सेफ हाउस में भेजा गया, 15 घायलों को चिकित्सक उपकरणों से लैस एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी नीमराना में भर्ती किया गया एवं 1 सीरियस कंडीशन घायल को जयपुर रेफर किया गया एवं घटना में 2 मृत व्यक्तियों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया मॉक ड्रिल में परखी व्यवस्थाएं एवं विभागों का समन्वय हवाई हमले की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा आग बुझाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। सिविल डिफेंस एवं फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा रस्सी की सहायता से दो मंजिला भवन की छत से डेड बॉडी को नीचे उतारने का सजीव प्रदर्शन किया गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड टीम ने पानी व फॉम के माध्यम से आग पर काबू पाने का मॉक ड्रिल किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने

नीमराना में मॉक ड्रिल के दौरान बचाव कार्य का प्रशिक्षण दिया।

- 136 फसें हुए लोगों को निकाला, घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, आपात स्थिति में राहत, बचाव व सुरक्षा व्यवस्था के उपायों को परखा गया

कोटपूतली में बनेगा सात मंजिला पक्षी घर

कोटपूतली । कस्बे के बानसूर रोड स्थित श्री जयसिंह गौशाला में शनिवार को विशाल पक्षी घर निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया। इस सात मंजिला पक्षी घर का निर्माण भामाशाह देवदत्त जांगिड़ द्वारा करवाया जा रहा है। करीब 06 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह पक्षी घर 70 फीट ऊँचा और सात मंजिला होगा। जो गर्मी और सर्दी में पक्षियों को आश्रय देने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। यह पक्षी घर ना केवल पक्षियों के लिए एक सुरक्षित ठिकाना होगा, बल्कि कोटपूतली क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और जीव दया की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल भी साबित होगा। गौशाला समिति ने देवदत्त जांगिड़ के इस पुण्य कार्य की सराहना की और समाज में ऐसे प्रेरणादायी कार्यों की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर नन्दलाल जोशी, सुरेन्द्र बालास्या, रिसाल सिंह शेखावत, मुकेश आंतेला वाले, गजेन्द्र बालास्या, सुनील जांगिड़ समेत अन्य मौजूद रहे।

एक हजार परिंडे बांटे

खैरथल। भीषण गर्मी से जूझते जिले में पशु-पक्षियों को राहत देने के लिए खैरथल में जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने हर आंगन एक परिंडा, हर पक्षी खुशहाल अभियान की शुरुआत खैरथल की पुरानी अनाज मंडी स्थित लाला जय नारायण पॉचीदेवी खंडेलवाल स्मृति उद्यान से की गई। जहां जिला कलेक्टर ने समाजसेवी संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराए गए 1000 परिंडे वितरित किए और उद्यान में लगे पेड़ों पर परिंडे लगए व पार्क में अतिथिगणों द्वारा बरगद का पौधा लगाया गया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि गर्मी का प्रकोप केवल इंसानों पर नहीं, बल्कि बेजुबान पशु-पक्षियों पर भी उतना ही भारी पड़ रहा है। यदि हम उनके लिए पानी और दाने की व्यवस्था करें तो यह हमारे मानवीय कर्तव्यों की पूर्ति होगी। प्रत्येक आंगन में परिंडा लगाया जाए, पेड़ों पर पानी के पात्र बाँधे जाएं और समाज सेवा के इस कार्य में हम सब एकजुट हों। यह न सिर्फ जीव सेवा है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक परंपरा और पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक अहम कदम है।

- गर्मी से जूझते पक्षियों के लिए कलेक्टर ने हर आंगन एक परिंडा, हर पक्षी खुशहाल अभियान शुरु किया

उन्होंने सभी ठाम पंचायतों, नगर निकायों, विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं से अपील कि इस अभियान को जन आंदोलन बनाएं। गर्मी के इस मौसम में जलस्त्रोतों की रक्षा करना भी हमारा दायित्व है। जल संरक्षण, जीवन संरक्षण का आधार है।

जिला कलेक्टर ने कहा इस अभियान की शुरुआत जिला स्तर से की गई है इसके पश्चात यह कार्यक्रम ब्लॉक स्तर पर भी किए जाएंगे ताकि पूरे जिले में इस अभियान को जन आंदोलन बनाया जा सके।

इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव ने कहा कि समाज की असली ताकत उसकी संवेदनशीलता में होती है। यह अभियान हमें सिखाता है कि बेजुबान पक्षियों के लिए एक छोटी सी कोशिश, उनके जीवन को बचा सकती है। जब हर घर, हर छत, हर पेड़ पर परिंडे होंगे तो हमारे आसमान में चहचहाहट बनी रहेगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे पूर्वज छतों पर पुराने मटकों और बर्तनों में पानी भरकर पक्षियों की सेवा किया करते थे। आज उसी परंपरा को जीवित रखने का प्रयास इस अभियान द्वारा किया जा रहा है। यह अभियान लोगों में सेवा भावना जगाने वाला है और हमें उम्मीद है कि आमजन इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे।

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लाखन सिंह गुर्जर, उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, उपखंड अधिकारी मुंडावर सुरेश कुमार बलई, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, स्थानीय पार्षद, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शिव महापुराण कथा 5 से

किशनगढ़बास। प्रसिद्ध कथा वाचक मनुश्री महाराज 5 से 11 जून तक खैरथल रौड किशनगढ़बास के गजानंद गार्डन में श्री शिव महापुराण कथा करेंगे। कथा प्रतिदिन 3.30 से 6.30 तक होगी। 4 जून को विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें एक हजार से अधिक महिलाएं शामिल होगी। राष्ट्रीय कथाकार मंनूश्री महराज किशनगढ़बास में तीसरी बार कस्बे में कथा का वाचन करेंगे। इस कथा के शुभारम्भ पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राज्य मंत्री संजय शर्मा, विधायक दीपचंद खेरिया, पूर्व विधायक रामहेत यादव, समाज सेवी भाजपा नेता दिनेश यादव विशेष अतिथि होंगे।

आयोजन समिति के अध्यक्ष इंदर गुप्ता एवं बबलू अठावाल ने बताया कि निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में 5 से 11 जून तक श्री शिव महापुराण एवं रुद्राक्ष महोत्सव का विशाल आयोजन किशनगढ़बास के गजानंद गार्डन में किया जाएगा। इस कथा में राष्ट्रीय कथाकार मनुश्री महाराज रतनगढ़ वाले के श्री मुख से शिव की महिमा वर्णन किया जाएगा।

सरकार की योजना अंतर्गत 5 छात्राओं को स्कूटीयों का वितरण किया

खैरथल। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती समारोह खैरथल जिला सचिवालय पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर किशोर कुमार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर ने अहिल्याबाई होल्कर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर कलेक्टर ने कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन योजना के तहत 5 बालिकाओं को स्कूटी का वितरण भी किया।

शनिवार को प्रातः 11:00 बजे जिला सचिवालय खैरथल पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम सब लोकमाता अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह केवल हमारे लिए एक ऐतिहासिक स्मरण नहीं है, बल्कि भविष्य के निर्माण की प्रेरणा भी है। उन्होंने ने कहा कि एक साधारण परिवार में जन्मी अहिल्याबाई ने अपने कर्म, साहस और दृष्टिकोण से इतिहास में वह स्थान प्राप्त किया जो आज भी प्रेरणा का स्त्रोत है।

- खैरथल में अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई

उन्होंने अपने जीवन के हर क्षण को मनसा, वाचा, कर्मणा लोकहित के लिए समर्पित किया। एक अबोध बालिका से लेकर होल्कर वंश की रानी और फिर लोकमाता बनने तक का उनका 70 वर्षीय जीवन सामाजिक न्याय, कर्तव्य, सात्त्विकता और पराक्रम की मिसाल रहा। उनकी शासन शैली में राजनीतिक दूरदृष्टि, आध्यात्मिक आस्था और जनसेवा का समर्पण था। उन्होंने युद्ध को कभी भी केवल राजकोष भरने का साधन नहीं माना। अंठोजों की कूटनीति को भांपते हुए उन्होंने भारतीय रियासतों को सतर्क रहने की सलाह दी और अखंड भारत की परिकल्पना को प्रोत्साहित किया साथ ही महिलाओं की भागीदारी को भी नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने यह सिद्ध किया कि बिना टकराव, बिना कठोरता के भी समाज की सोच और व्यवस्थाएं बदली जा सकती हैं। वे धर्मपरायण थीं, लेकिन उसी के साथ राजनैतिक रूप से सजग, पराक्रमी भी थीं। उनका जीवन उन सभी मूल्यों का संतुलन था, जिन्हें आज की पीढ़ी को समझने और आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर सामाजिक दृष्टि से अत्यंत व्यापक थी। उन्होंने महेश्वरी साड़ी उद्योग की शुरुआत की, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। देशभर में मंदिरों का जीर्णोद्धार, धर्मशालाओं का निर्माण, घाटों का विकास, और पर्यावरण संरक्षण उनके सतत प्रयासों के उदाहरण हैं। स्त्री-सशक्तिकरण की दृष्टि से भी वे अठाणी थीं। उन्होंने विधवाओं को संपत्ति का अधिकार दिलाया, दहेज प्रथा के विरुद्ध आदेश जारी किए, और महिलाओं की अदालतों में सुनवाई सुनिश्चित की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, अधिशासी अभियंता वाटरशेड विभाग, छत्रपाल सिंह, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग,नगर परिषद कनिष्का, अभियंता मोतीलाल, राजकीय बालिका महाविद्यालय प्रिंसिपल सहित अन्य अधिकारी एवं महाविद्यालय की छात्रा उपस्थिति रही।

ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई

कोटपूतली । जिले में इन दिनों ओवरलोड को लेकर परिवहन विभाग की कार्यवाही लगातार जारी है। जिससे ट्रांसपोटरों व वाहन मालिकों में हड़कम्प मचा हुआ है। विभाग ने पिछले 15 दिनों में ओवरलोड वाहनों के करीब 250 चालान काटे है। साथ ही बड़े वाहनों की ट्रालियों की 80 गाडियों की बॉडी भी कटवाई है। कोटपूतली क्षेत्र में परिवहन विभाग की कार्यवाही के बाद हाइवे सहित कोटपूतली-नीमकाथाना मार्ग पर अब एक भी ओवरलोड वाहन नजर नही आ रहे है। हाईवे पर पहले भारी भरकंप डंफर, ट्रेलर ओवरलोड दिखाई देते थे जो अब बिल्कुल नदारत है।

ओवरलोड वाहनों की वजह से कोटपूतली क्षेत्र में आये दिन दुर्घटना व सडकों की हालत खराब होती रही है। साथ ही जाम जैसी स्थिति भी बनी रहती थी। विभाग की कार्यवाही के बाद अब सडकों पर ओवरलोड वाहनों की आवाजाही बन्द होने से हल्के वाहन चालक आमजन व व्यापारी वर्ग ने राहत की सांस ली है। विभाग का कहना है क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों को किसी भी किमत पर नहीं चलने दिया जायेगा।

31 दिवसीय धूणी तपस्या, 3 जून को होगा समापन

नारायणपुर । ग्राम पंचायत मुण्डावरा के गांव भोजपुरी स्थित गिरदारीदास आश्रम इन दिनों आस्था और तपस्या का केंद्र बना हुआ है। यहाँ बाल योगी संतोषदास महाराज भीषण गर्मी के बावजूद सात प्रज्वलित धूणियों के बीच बैठकर 31 दिवसीय कठिन साधना कर रहे हैं। विश्व शांति, पर्यावरण शुद्धि और समाज कल्याण की भावना के साथ की जा रही यह तपस्या 4 मई से प्रारंभ हुई है और इसका समापन 3 जून को भव्य आयोजन के साथ किया जाएगा। संतोषदास महाराज ने बताया कि यह उनकी 11वीं धूणी तपस्या है। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक वे लगातार धधकती सात धूणियों के मध्य में बैठकर मंत्र जप, ध्यान और साधना करते हैं। इस भीषण गर्मी में जहां आमजन घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, वहीं बाल योगी का यह तप उदाहरण बनकर श्रद्धालुओं को आस्था और संयम का संदेश दे रहा है। तपस्या के दौरान संतोषदास महाराज पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ साधना में लीन रहते हैं। धूणी तपस्या स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग दूर-दराज़ से यहां पहुंचकर महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। तपस्या का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति और सद्भावना का वातावरण निर्मित करना, समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना और पर्यावरण संतुलन के लिए प्रार्थना करना है। तपस्या के समापन पर 3 जून को सुबह 10.15 बजे पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 11.15 बजे से जयराम ठेकला एंड पार्टी द्वारा नेहडा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। दोपहर 12.15 बजे से विशाल भण्डारे का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण करेंगे।

बाल योगी संतोषदास महाराज भीषण गर्मी के बावजूद सात प्रज्ज्वलित धूणियों के बीच बैठकर 31 दिवसीय कठिन साधना कर रहे हैं।

जूली ने राजस्थान सरकार पर निशाना साधा :- अलवर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली लगातार भारतीय जनता पार्टी और उनके नेताओं पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं। जूली ने आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के राजस्थान दौरे पर उनके वक्तव्य पर तंज कसते हुए कहा कि आज प्रदेश की जनता के हालात खराब है।

संक्षिप्त

अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई

कोटपूतली। यहाँ के राजकीय एल.बी.एस. पी.जी. महाविधालय में शनिवार को प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह की अध्यक्षता में महान समाजसेविका, आदर्श प्रशासिका एवं प्रजावत्सला रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती के उपलक्ष्य में गरिमामय व प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन, उनके कुशल प्रशासन, सामाजिक सुधारों और लोक कल्याणकारी कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने उनके जीवन से प्रेरित होकर विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दीं। जिनमें भजन, कविता पाठ और नाट्य दृश्य शामिल थे। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति, सेवा भावना और सुशासन की प्रतीक हैं। उनका जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिये प्रेरणा का अमूल्य स्रोत है। कार्यक्रम के अंत में अहिल्याबाई होलकर के जीवन एवं कार्यों पर आधारित एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा तैयार पोस्टर व लेख प्रस्तुत किये गये। इस दौरान विभिन्न संकाय सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुये अहिल्याबाई के योगदान को यथोचित श्रद्धांजलि अर्पित की।

कब्रिस्तान की दीवार तोड़ हटाया अतिक्रमण

भरतपुर (निस)। नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जवाहर नगर डी ब्लॉक स्थित एक कब्रिस्तान की दीवार को तोड़ दिया। यह कार्रवाई कॉलोनी के लोगों द्वारा दिए गए ज्ञापन के आधार पर की गई, जिसमें उन्होंने मार्ग को चौड़ा करने की मांग की थी। नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई ने बताया कि कब्रिस्तान की दीवार को तोड़ कर मार्ग को चौड़ा किया जाएगा . उन्होंने कहा कि कब्रिस्तान में भी कुछ कार्य किए जाएंगे। कार्रवाई से पहले कब्रिस्तान कमेटी के लोगों से समझाइश की गई थी। जानकारी के मुताबिक फिलहाल यह मार्ग 15 फीट का है लेकिन इसे 60 फीट का किया जाएगा।।

उपमुख्मंत्री को ज्ञापन सौंपा

फागी । भीलवाड़ा हाईवे पर नित्य प्रति होने वाले हादसों से बचने के लिए कस्बे वासियों ने उप मुख्यमन्त्री और परिवहन मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा ।

गौरतलब है कि कस्बे के मध्य से होकर गुजरने वाले हाईवे 12 पर पर्याप्त चौडाई नहीं होने के साथ ही साइड पटरी भी नहीं है जिससे नित्य प्रति इस हाइवे पर जनहानि होती रहती है साथ ही मोटा टोल वसूलने के बावजूद न तो किसी प्रकार की पेट्रोलिंग सुविधा है और नहीं एंबुलेंस की सुविधा । क्रेन की सुविधा तो कोसों दूर की बात हो चुकी है या ज्ञापन में कस्बे वासी महावीर प्रधान सुरेंद्र सोयल मुकेश कोरवाल रामजीलाल वर्मा मुरारी स्वामी सहित अनेक कस्बे वासियों ने एस एच 12 को नेशनल हाइवे में बदलने की मांग की है।

बांधे परिंडे

पावटा। पर्यावरण परिवर्तन की वजह से गर्मी में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसके कारण आम इंसानों की तरह ही बेजुबान पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। ऐसे में अब बेजुबान पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने और भूख मिटाने के लिए समाजसेवी रतनलाल शर्मा के द्वारा चलाया जा रहे है।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य ओमप्रकाश बड़ाया पुत्र श्री गोकुल प्रसाद बड़ाया निवासी प्लाट नम्बर 8/120, विद्याधर नगर, जयपुर के निवासी है। जिनका पुत्र वैभव बड़ाया मेरे अभिभाष्य के कहे में नहीं है ना ही मेरे अभिभाष्य से कोई सम्बन्ध सरोकार है जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में अगर किसी व्यक्ति द्वारा मेरे अभिभाष्य के पुत्र से कोई भी लेन-देन अथवा कोई खरीद फरोख्त आदि की जाती है तो उसकी जिम्मेदारी मेरे अभिभाष्य की नहीं होगी बल्कि स्वयं की होगी।
विशन चौधरी एडवोकेट मो. नं. 9351159290

आम सूचना हर आम व खास को सूचित किया जाता है, कि मेरे अभिभाष्य बंशीलाल पुत्र श्री भूराराम, निवासी- निवासी श्योसिंहपुरा उर्फ बासड़ा, तहसील मौजमाबाद, जिला जयपुर, हाल निवासी-साकेत कॉलोनी, विजय नगर अजमेर के द्वारा बजरंग चौधरी पुत्र श्री श्योजीराम, निवासी- श्योसिंहपुरा उर्फ बासड़ा, तहसील मौजमाबाद, जिला जयपुर, के पक्ष में एक मुख्त्यारनामा आम (सर्वाधिकार पत्र) दिनांकित 24.05.2016 निष्पादित किया गया था। उक्त मुख्त्यारनामा आम को मेरे अभिभाष्य द्वारा दिनांक 30.05.2025 को प्रेषित रजिस्टर्ड नोटिस के द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इस पीओए के आधार पर कोई भी व्यक्ति बजरंग चौधरी से किसी प्रकार का कोई संव्यवहार नहीं करे।
राकेश यादव, एडवोकेट, मो.-9414254160

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/374 चूंकि प्रार्थी श्री RAJENDRA GOLECHA, 4840 SHOKHIYA KA MOHALA K-G-B- KA RASTA ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास SHREE JAIN SHWETAMBER KESARIYA NATH JI KA MANDIR (SHREE VIJAYGACHIYA TRUST), 4840 SHOKHIYA KA MOHALA K-G-B- KA RASTA के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 30-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 01/08/2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना
(आदेश 41 के नियम 14)
नाम न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम 6 जयपुर महानगर प्रथम
जमीला व अन्य विरूद्ध श्रीमती प्रकाश कंवर व अन्य
अपील नियमित दीवानी अपील
अपील नं. 10 सन् 2018
अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम 7 जयपुर महानगर के न्यायालय की तारीख 28-08-2018 को निर्णय व डिक्री की अपील-
1. श्रीमती प्रकाश कंवर धर्मपत्नी स्व0 श्री दुर्गादास जी, जाति राजपूत निवासी ग्राम बोराज तहसील मौजमाबाद जिला जयपुर एवं मकान नम्बर 2100 बोराज हाउस, चौकडी मोदीखाना, रास्ता ठाकुर बोराज, किशनपोल बाजार, अजमेरी गेट जयपुर।
2. श्री त्रिवेन्द्र सिंह खंगारोत दत्तक पुत्र स्व0 श्री दुर्गादास जी, जाति राजपूत निवासी ग्राम बोराज तहसील मौजमाबाद जिला जयपुर एवं मकान नम्बर 2100, बोराज हाउस, चौकडी मोदीखाना, रास्ता ठाकुर बोराज, किशनपोल बाजार, अजमेरी गेट जयपुर।
3. श्रीमती किशन कंवर बेवा स्व0 श्री रघुनाथ सिंह जी,
4. श्री कुलदीप सिंह पुत्र स्व0 श्री रघुनाथ सिंह जी,
5. श्री पृथ्वीराज सिंह पुत्र स्व0 श्री रघुनाथ सिंह जी
6. श्री त्रिवेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 श्री रघुनाथ सिंह जी,
समस्त निवासीगण मकान नम्बर 2100, बोराज हाउस, ठाकुर बोराज का रास्ता, चौकडी मोदीखाना, नेहरू बाजार जयपुर।
आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में ACMM-07 की डिक्री को अपील अपीलार्थी/ प्रतिवादी द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा ता.08 माह 07 सन् 2025 नियत की गई है।
यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी।
यह आज तारीख 20 माह 05 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
आज्ञा से-रीडर ग्रेड प्रथम
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-06, जयपुर महानगर प्रथम

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इंदौर
सूचना (नोटिस) (सामान्य फार्म)
AC/85/2024
Process Id: 35026/2025
Respondent No. 1
FOR ADMISSION Fixed for 16-06-2025 C.O. for 19/05/2025 Notice returnable before 16-06-2025
अपील